# Harideo Joshi Rajkiya Kanya Mahavidyalaya Banswara (Rajasthan)

# Inter Disciplinary Approach

**Harideo Joshi Rajkiya Kanya Mahavidhyalaya,**

**Near Old Bus Stand,**

**Banswara (Rajasthan) - 327001**

कार्यालय प्राचार्य, हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बांसवाड़ा (राज.)
(Accredited with 'B' Grade by NAAC)
Email: hdjgirlscollege@yahoo.com Tel. & Fax : (02962) 244162

क्रमांक 2387 दिनांक : 13.10.19

# कार्यालय आदेश

श्रीमान् आयुक्त महोदय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के क्रमांक **CCE/ISDC/RACE/IDEA/2019/1317** की अनुपालना में गुणात्मक अभिवृद्धि हेतु अन्तर–संकाय संवाद प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित होने है। एतदर्थ निम्न विवरणानुसार समिति का गठन किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि आयुक्तालय के निर्देशानुसार एतत्–विषयक कार्यक्रम आयोजित किये जावें।

अध्यक्ष :– प्राचार्य ( पदेन )

**आयोजन सचिव :– डॉ. गीताराम शर्मा –संस्कृत**

**आयोजन सहसचिव :–** 1. डॉ. जितेन्द्र कुमार चावला – भौतिक शास्त्र
2. श्रीमती सुनीता मीना – समाजशास्त्र

**सदस्य :–**

1. श्रीमती मीना कुमारी मीणा :– ए.बी.एस.टी.
2. श्रीमान सुनील मीना :– भौतिक शास्त्र
3. श्रीमती मोनिषा मीना :– वनस्पति शास्त्र
4. डॉ. सुरेश जोशी :– इतिहास

**सह सदस्य :–**

1. सुश्री प्रियंका सोनी छात्रा :– एम.ए गृह विज्ञान
2. सुश्री कला यादव छात्रा :– एम.ए गृह विज्ञान
3. सुश्री कृति भट्ट छात्रा :– B.A III Year
4. सुश्री सोफिया डोडियार :– B.A III Year
5. सुश्री वाली डिण्डोर :– BSC III Year
6. सुश्री महिमा गहलोत :– BSC III Year
7. सुश्री गुंजन होरा छात्रा :– बी.कॉम III Year
8. सुश्री परीक्षा जैन :– बी.कॉम III Year

प्राचार्य
हरिदेव जोशी राजकीय कन्या
महाविद्यालय बांसवाड़ा (राज.)

# 'ईमानदारी से कर चुकाना राष्ट्र भक्ति का प्रत्यक्ष प्रमाण'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**बांसवाड़ा.** हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय में अन्तर संकाय संवाद के तहत 'अर्थ व्यवस्था में कर संरचना की भूमिका' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता वाणिज्य संकाय की सहायक आचार्य मीना कुमारी मीणा थीं, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सर्वजीत दुबे ने की।

संयोजक डॉ. गीताराम शर्मा ने कहा कि लोक कल्याणकारी राज्य के भौतिक स्वास्थ्य के लिए उचित कर निर्धारण, संग्रहण एवं नियोजन श्वास-प्रश्वास हैं। उन्होंने कर व्यवस्था के सामाजिक पहलुओं को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता ने भारत की कर संरचना की समग्र रूपरेखा प्रस्तुत कर प्रत्यक्ष कर, अप्रत्यक्ष कर के रूप में करों का वर्गीकरण किया।

उन्होंने बिक्री कर, वेट, सीमा शुल्क के स्वरूप तथा संग्रहण व्यवस्था से अवगत कराया। जीएसटी के व्यापक स्वरूप और उपयोगिता का निरूपण करते हुए उन्होंने बताया कि इससे कर व्यवस्था अधिक पारदर्शी तथा व्यवस्थित हुई है। उन्होंने आयकर का स्वरूप, इतिहास तथा आयकर अधिनियम 1961 के विहित प्रावधानों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कर चुकाना राष्ट्र भक्ति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अध्यक्षता कर प्राचार्य दुबे ने कर व्यवस्था की नैतिकता पर कहा कि सभ्य और भव्य लोकतन्त्र के लिए धर्म तन्त्र और अर्थतन्त्र का मजबूत होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने करदाताओं की संख्या विस्तार को कर दरों की कमी का प्रभावी उपाय बताया। संचालन सह संयोजक सुनीता मीना ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकों तथा छात्राओं की रचनात्मक सहभागिता रही।

Checkout Full Clip

# "ईमानदारी से कर चुकाना राष्ट्र भक्ति का प्रत्यक्ष प्रमाण"

## महाविद्यालय में अन्तर संकाय संवाद योजना



कार्यालय प्राचार्य, हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बांसवाड़ा (राज.)
( Accredited with "B" Grade by NAAC )
Tel.& Fax. : (02962) 244162
Email : hdjgirlscollege@yahoo.com
दिनांक 15.01.2020
क्रमांकः

# प्रेस नोट

सम्पादक महोदय, राजस्थान पत्रिका / दैनिक भास्कर / दैनिक नवज्योति बांसवाड़ा (राज.)

## प्रस्तावना भारतीय संविधान की आत्मा

15 जनवरी 2020 / बांसवाड़ा / हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय में अन्तर संकाय सम्वाद कार्यक्रम के अन्तर्गत " **भारतीय संविधान और संसदीय प्रणाली विमर्श** " विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित हुआ। प्रारम्भ में विषय प्रवर्तन करते हुए अन्तर संकाय संवाद कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. गीताराम शर्मा ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि भारतीय संविधान दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतन्त्र को चिरकाल तक सजाए रखने में सक्षम सर्व समावेशी संविधान है।

मुख्य वक्ता के राजनीति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिप्रा राठौड़ ने भारतीय संविधान का स्वरूप और स्त्रोतो का परिचय देते हुए संविधान के अनुच्छेद अनुसूची तथा अब तक हुए संशोधनों से परिचित कराया। उन्होने कहा कि भारतीय संविधान में विश्व के अनेक संविधानो का समन्वय है। उन्होने कहा कि " संविधान की आत्मा प्रस्तावना है।" उन्होने प्रस्तावना की व्याख्या करते हुए संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतान्त्रिक, समानता, बन्धुता एकता अखण्डता न्याय आदि शब्दों की विशेष व्याख्या की। उन्होने संसदीय प्रणाली के स्वरूप तथा विशेषताओं पर प्रकाश डाला इस सन्दर्भ में उन्होने संसद, राष्ट्रपति कार्यपालिका व्यवस्थापिका की शक्तियों से परिचित कराया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. सर्वजीत दुबे ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को हृदयंगम करने का आहवान करते हुए कहा कि सच में प्रस्तावना संविधान की नीयत है और शेष संविधान नीति है। उन्होने राजनैतिक शुचिता और नीयत को लोकतन्त्र की मजबूती का सर्वश्रेष्ठ उपाय बताया।

कार्यक्रम में डॉ. सीमा भारद्वाज, डॉ.रतनपाल डोडियार, डॉ. रक्षा निनामा, श्री सुनील मीणा, श्रीमती मोनिषा मीना डॉ. सुरेश जोशी आदि संकाय सदस्यो की गरिमामय उपस्थिति तथा 150 से अधिक छात्राओं की उपस्थिति रही।

प्राचार्य
हरिदेव जोशी राजकीय कन्या
महाविद्यालय बांसवाड़ा (राज.)

कार्यालय प्राचार्य, हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बांसवाड़ा (राज.)
(Accredited with 'B' Grade by NAAC)
Email: hdjgirlscollege@yahoo.com Tel. & Fax : (02962) 244162

दिनांक - 13/12/2019

## आवश्यक सूचना

समस्त संकाय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कल दिनांक 14/12/2019 को प्रातः 11.00 बजे, कक्ष संख्या-21 में "अंतर संकाय संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। सभी संकाय गण उपरोक्त समय पर अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें

| क्र.सं. | नाम (अधिकारी) | विषय | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ.सर्वजीत दुबे , सह आचार्य | संस्कृत | [signature] |
| 2. | डॉ.सीमा भारद्वाज, सह आचार्य | प्राणि विज्ञान | [signature] |
| 3. | डॉ.शिप्रा राठौड, सह आचार्य | राजनैतिक विज्ञान | [signature] |
| 4. | डॉ. गीताराम शर्मा , सह आचाय | संस्कृत | |
| 5. | श्री रतनपाल डोडियार सहायक आचार्य | हिन्दी | [signature] |
| 6. | डॉ.रक्षा निनामा ,सहायक आचार्य | गृह विज्ञान | [signature] |
| 7. | श्रीमती प्रमिला पारगी ,सहायक आचार्य | अंग्रेजी | [signature] |
| 8. | श्री मनोज कुमार , सहायक आचार्य | गणित | [signature] |
| 9. | श्रीमती सुनिता मीणा , सहायक आचार्य | समाजशास्त्र | [signature] |
| 10. | श्री विवेक गुप्ता .सहायक आचार्य | भूगोल | |
| 11. | श्रीमती मीना कुमारी मीणा, सहायक आचार्य | एबीएसटी | [signature] |
| 12. | श्रीमती सुनिता फुलवारिया. सहायक आचार्य | इतिहास | |
| 13. | श्री सुनिल कुमार मीणा, सहायक आचार्य | भौतिक शास्त्र | सुनील कुमार |
| 14. | श्रीमती मोनिषा मीना , सहायक आचार्य | वनस्पति शास्त्र | [signature] |
| 15. | डॉ. निति भट्ट , संविदा व्याख्याता | संगीत | [signature] |
| 16. | श्री सुरेश जोशी , संविदा व्याख्याता | इतिहास | [signature] |

[signature]
प्राचार्य
हरिदेव जोशी राजकीय कन्या
महाविद्यालय बांसवाड़ा (राज.)